>

Title: Need to construct a bridge over river Bhutahi-balan on N.H. 104 in Bihar.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 104 राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण पथ है तथा यह भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा है। इस पथ के कि0मी0 194-195 में लौकहा के समीप भुतहीबालान नदी के ऊपर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु डी.पी.आर. बनाने हेतु अधिसूचना निर्गत हुए एक वर्ष हो गया है, लेकिन अभी तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ करने संबंधी निर्माण पूर्व कार्यकलाप सम्पन्न नहीं हुआ है। उक्त नदी के ऊपर पुल नहीं होने के कारण वर्षा ऋतु में हर वर्ष नदी पार करते समय अनेक लोगों की पानी में डूब कर मृत्यु हो जाती है।

मैं चाहूंगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 104 में भुतहीबालान नदी के ऊपर स्वीकृत उच्चस्तरीय पुल निर्माण के अविलम्बनीय लोकमहत्व के कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ कराने के लिए सरकार त्वरित कार्रवाई करे।